"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी.2-22-छत्तीसगढ़ गजट / 38 सि. से. भिलाई. दिनांक 30-05-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2013-2015."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)
प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 345] नवा रायपुर, गुरूवार, दिनांक 25 जून 2026 — आषाढ़ 4, शक 1948

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर

नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 25 जून 2026

अधिसूचना

क्रमांक RULE – 503/25/2026 – SECTION (MGNREGA).— विकसित भारत–रोजगार और आजीविका के लिए गारन्टी मिशन (ग्रामीण): वीबी–जी राम जी (विकसित भारत–जी राम जी) अधिनियम, 2025 (2025 का सं. 36) की धारा 3 की उप–धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, राज्य के समस्त अधिसूचित ग्रामीण क्षेत्रों में क्रियान्वयन हेतु ''विकसित भारत–रोजगार और आजीविका के लिए गारन्टी मिशन (ग्रामीण): वीबी–जी राम जी (विकसित भारत–जी राम जी) योजना, छत्तीसगढ़'' अधिसूचित करती है।

योजना
अध्याय – एक
संक्षिप्त नाम, प्रारंभ और परिभाषाएँ

1. संक्षिप्त नाम, विस्तार तथा प्रारंभ.– (1) यह योजना ''विकसित भारत–रोजगार और आजीविका के लिए गारन्टी मिशन (ग्रामीण): वीबी–जी राम जी (विकसित भारत–जी राम जी) योजना, छत्तीसगढ़'' कहलाएगी।

(2) इसका विस्तार छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त अधिसूचित ग्रामीण क्षेत्रों पर होगा।

(3) यह 01 जुलाई, 2026 से प्रभावषील होगी।

2. परिभाषाएँ.– जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, इसमें प्रयुक्त सभी शब्दों के वही अर्थ होंगे, जो अधिनियम की धारा 2 में उनके लिए समनुदेशित किये गए हैं।

(क) **"अधिनियम"** से अभिप्रेत है, विकसित भारत–रोजगार और आजीविका के लिए गारन्टी मिशन (ग्रामीण): वीबी–जी राम जी (विकसित भारत–जी राम जी) अधिनियम, 2025 (2025 का 36);

(ख) **''अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक''** से अभिप्रेत है, संबंधित जिला पंचायत का मुख्य कार्यपालन अधिकारी;

(ग) **''मुख्य कार्यपालन अधिकारी''** से अभिप्रेत है, संबंधित जिला/जनपद पंचायत का मुख्य कार्यपालन अधिकारी;

(घ) **''आयुक्त''** से अभिप्रेत है, आयुक्त, विकसित भारत–जी राम जी, छत्तीसगढ़;

(ङ) **''ग्राम सभा''** से अभिप्रेत है, संविधान (73वां संशोधन) अधिनियम, 1993 और छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनयम, 1993 (क्र. 1 सन् 1994) के अधीन यथा परिभाषित ग्राम स्तर पर पंचायत के क्षेत्र के भीतर समाविष्ट ग्राम से सम्बन्धित मतदाता नामावली में पंजीकृत व्यक्तियों से मिलाकर गठित निकाय;

(च) **"कार्यक्रम अधिकारी"** से अभिप्रेत है, अधिनियम की धारा 18 की उप–धारा (1) के अधीन नियुक्त एक अधिकारी;

(छ) **"धारा"** से अभिप्रेत है, विकसित भारत–जी राम जी अधिनियम 2025 की धारा,

(ज) **"राज्य"** से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ राज्य।

अध्याय – दो
उद्देश्य और मार्गदर्शक सिद्धांत

3. **उद्देश्य और मार्गदर्शक सिद्धांत.–** (1) इस योजना का मुख्य उद्देश्य, ऐसे ग्रामीण परिवारों को, जिनके वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक कार्य करने हेतु स्वेच्छा से आगे आते हैं, प्रत्येक वित्तीय वर्ष में एक सौ पच्चीस दिनों के उन्नत वैधानिक मजदूरी–आधारित रोजगार की गारंटी प्रदान करते हुए ग्रामीण विकास ढाँचे को विकसित भारत @ 2047 के राष्ट्रीय परिकल्पना के अनुरूप समन्वित करना है ताकि वे विस्तारित आजीविका सुरक्षा ढाँचे में अधिक प्रभावी रूप से भागीदारी कर सकें।

(2) सशक्तिकरण, विकास, अभिसरण एवं संतृप्ति पर बल देते हुए सामुदायिक निर्माण कार्यों के समेकन के द्वारा 'विकसित भारत राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना स्टैक' का निर्माण, जल सम्बन्धी कार्यों के माध्यम से जल सुरक्षा, मूलभूत ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका–संबंधी अवसंरचना और चरम मौसमी परिस्थितियों को न्यूनीकृत करने हेतु विशेष कार्यों के माध्यम से विषयगत प्राथमिकता के साथ किया जाएगा।

(3) कृषि के चरम मौसमों में पर्याप्त कृषि श्रमिक की उपलब्धता सुनिश्चित करना और ग्रामीण कार्यबल के लिए मजदूरी–आधारित रोजगार की गारंटी प्रदान करना।

(4) ग्राम पंचायतों की बदलती हुई आवश्यकताओं का समाधान करने के लिए पीएम गति शक्ति के साथ एकीकृत, भू–स्थानिक (Geospatial) प्रणालियों, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर समूहीकृत ऐसी योजनाओं के साथ, जिला और राज्य योजना तंत्रों द्वारा सशक्त, विकसित ग्राम पंचायत प्लान के माध्यम से अभिसरण, संतृप्ति प्रेरक योजना एवं समग्र शासन आधारित वितरण को संस्थागत करना।

(5) एक व्यापक डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र के माध्यम से शासन व्यवस्था, जवाबदेही और नागरिक विनियोजन को आधुनिक बनाना, जिसमें विभिन्न स्तरों पर बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम या मोबाइल आधारित कार्यस्थल निगरानी, वास्तविक समय प्रबंधन सूचना प्रणाली डैशबोर्ड, स्व–सक्रिय सार्वजनिक प्रकटीकरण और योजना, संपरीक्षा और धोखाधड़ी की संभावनाओं के न्यूनीकरण के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग शामिल है।

अध्याय – तीन
गारन्टी, समय सीमा और शर्तें

4. **गारन्टी.–** (1) राज्य सरकार द्वारा, राज्य के ऐसे ग्रामीण क्षेत्र में, जो केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित किया जाए, प्रत्येक परिवार को, जिसके वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक कार्य करने के लिए स्वेच्छा से आगे आते हैं, इस योजना के अनुसार किसी वित्तीय वर्ष में एक सौ पच्चीस दिन से अन्यून गारन्टीकृत रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

(2) प्रत्येक व्यक्ति, जिसने योजना के तहत उसे दिया गया कार्य किया है, प्रत्येक कार्य दिवस के लिए निर्धारित मजदूरी की दर से मजदूरी प्राप्त करने का हकदार होगा।

(3) दैनिक मजदूरी का संवितरण साप्ताहिक आधार पर किया जाएगा। किसी भी दशा में दैनिक मजदूरी का भुगतान, कार्य करने के दिनांक से पन्द्रह दिन के भीतर किया जाएगा।

(4) यदि योजना के अंतर्गत रोजगार प्राप्त करने हेतु आवेदन करने वाले किसी आवेदक को उसके आवेदन प्राप्त होने की तिथि से अथवा अग्रिम आवेदन की स्थिति में जिस तिथि से रोजगार की मांग की गई हो, उनमें से जो भी तिथि बाद की हो, उससे पंद्रह दिवस के भीतर रोजगार उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो वह इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार प्रतिदिन बेराजगारी भत्ता प्राप्त करने का हकदार होगा।

(5) यदि मजदूरी का भुगतान मस्टर रोल के बंद होने की दिनांक से पंद्रह दिनों के भीतर नहीं किया जाता है, तो मजदूरी चाहने वाला व्यक्ति मस्टर रोल के बंद होने के सोलहवें दिन से परे विलंब के प्रतिदिन अवैतनित मजदूरी की 0.05% की दर से विलंब के लिए मुआवजे का भुगतान पाने का हकदार होगा।

5. **मांग के लिए शर्तें.–** (1) पंजीकृत परिवार का प्रत्येक वयस्क सदस्य जिसका नाम ग्रामीण रोजगार गारन्टी कार्ड में है, वह इस योजना के तहत अकुशल शारीरिक रोजगार के लिए आवेदन करने का हकदार होगा और ऐसे हर आवेदन को अनिवार्य रूप से पंजीकरण किया जाएगा, और दिनांक के साथ एक रसीद जारी की जाएगी, जिसे दिये गए डिजिटल प्लेटफॉर्म में दर्ज किया जाएगा।

(2) राज्य, कमजोर वर्गों की आवश्यकताओं का स्व–सक्रिय रूप से सत्यापन कर उन्हें रोजगार प्रदान करेगा।

(3) रोजगार के लिए आवेदन मौखिक या लिखित हो सकता है और वार्ड सदस्य या ग्राम पंचायत या कार्यक्रम अधिकारी या राज्य सरकार द्वारा अधिकृत किसी भी व्यक्ति को या डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से, या राज्य सरकार द्वारा अधिकृत किसी अन्य माध्यम से किया जा सकता है।

(4) रोजगार के लिए आवेदन, व्यक्तिगत रूप से या एक समूह के लिए एक साथ प्रस्तुत किये जा सकते हैं।

अध्याय – चार
योजना की रूपरेखा

6. **विकसित ग्राम पंचायत प्लान (वीजीपीपी).–** (1) विकसित भारत @ 2047 की परिकल्पना के अनुरूप, अभिसरण आधारित एवं भविष्य–उन्मुख स्थानीय विकास योजना, जो ग्राम पंचायत द्वारा सहभागी एवं साक्ष्य–आधारित प्रक्रिया के माध्यम से तैयार की जाएगी, जो इस योजना के अंतर्गत कार्यों की पहचान एवं प्राथमिकता निर्धारण का आधार होगी।

(2) पंचायती राज प्रणाली के प्रत्येक स्तर पर एक व्यवस्थित और सहभागी योजना निर्माण की प्रक्रिया, निर्दिष्ट कार्यप्रणाली के अनुसार की जाएगी। विकसित ग्राम पंचायत प्लान ग्राम पंचायतों द्वारा जीआईएस–आधारित उपकरणों, पीएम गति शक्ति स्तरों और अन्य डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना का उपयोग करते हुए तैयार की जाएंगी और अनुमोदन के लिए ग्राम सभा के समक्ष रखी जाएंगी। मध्यवर्ती पंचायत, जिला पंचायत या अन्य क्रियान्वयन एजेंसियों द्वारा किये जाने वाले प्रस्तावित कार्यों को भी अपेक्षित परिणामों के साथ संबंधित पंचायतों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। विकसित ग्राम पंचायत प्लान को विकासखंड, जिला और राज्य स्तरों पर समेकित किया जाएगा ताकि क्षेत्रीय प्राथमिकताओं, व्यापक ग्रामीण विकास रणनीतियों, और सभी ग्राम पंचायतों में पात्र परिसंपत्तियों और परिणामों के व्यापक कवरेज के लिए संतृप्ति–आधारित योजना के साथ सुसंगतता सुनिश्चित की जा सके। विकसित ग्राम पंचायत प्लान से उभरने वाले सभी कार्यों को विकसित भारत – राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना स्टैक में समेकित किया जाएगा।

(3) प्रत्येक ग्राम पंचायत, श्रेणी ए, बी, सी आदि में अपने वर्गीकरण के आधार पर संतृप्ति–मोड प्लान तैयार करेगी, जो विकास मानकों के आधार पर निर्धारित होगी, जिसमें शहरी क्षेत्रों से निकटता शामिल है, ताकि पंचायतों की विविध आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके। ऐसे सभी कार्य विशेष रूप से अनुमोदित विकसित ग्राम पंचायत प्लान से लिए जाएंगे, जो पीएम गति शक्ति, जीआईएस–आधारित उपकरणों और अन्य डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना के माध्यम से तैयार किये जाएंगे।

(4) वार्षिक योजनाएँ मानक आवंटन के आधार पर तैयार की जाएंगी।

(5) विकसित ग्राम पंचायत प्लान में चिन्हित कार्यों को विभिन्न केंद्रीय, राज्य और स्थानीय योजनाओं से अभिसरण के माध्यम से निष्पादित किया जाएगा। इस तरह के अभिसरण के लिए ली जाने वाली योजनाओं को केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित किया जाएगा।

(6) विकसित ग्राम पंचायत योजना और वार्षिक श्रम मांग को तैयार करते समय, अधिसूचित चरम कृषि अवधियों के दौरान निष्पादन के लिए कोई कार्य प्रस्तावित नहीं किया जाएगा।

7. **अभिसरण और एकीकृत प्लान के लिए रूपरेखा.–** ग्रामीण क्षेत्रों में किये गए सभी कार्यों के सुसंगत योजना, निष्पादन और निगरानी के लिए एक एकीकृत अभिसरण अवसंरचना स्थापित की जाएगी, और इस उद्देश्य के लिए:–

(1) सभी केंद्रीय, राज्य या स्थानीय योजनाओं, जैसा कि अभिसरण और संतृप्ति–आधारित योजना के उद्देश्य के लिए केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित की जा सकती हैं, को विकसित ग्राम पंचायत योजना में निहित एक एकीकृत योजना प्रक्रिया के तहत् लाया जाएगा।

(2) सभी मौजूदा परिसंपत्तियाँ और प्रस्तावित कार्य, चाहे इस योजना के तहत या किसी अन्य केंद्रीय, राज्य या स्थानीय योजना के माध्यम से वित्त पोषित हों, अनिवार्य रूप से निर्दिष्ट डिजिटल पोर्टल के माध्यम से

विकसित भारत – राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना स्टैक में पंजीकृत और ट्रैक किये जाएंगे, जो ग्रामीण सार्वजनिक कार्यों का एक व्यापक रजिस्टर बनाये रखेगा, दोहराव को रोकेगा, विभागीय निवेशों को एकीकृत करेगा और सभी कार्यों को संतृप्ति आधारित परिणामों के साथ संरेखित करेगा।

(3) जल सुरक्षा, आधारभूत ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका संबंधी अवसंरचना, और अत्यधिक गंभीर मौसमी घटनाओं को न्यूनीकृत करने के लिए विशेष कार्यों को समाहित करने वाली ग्रामीण सार्वजनिक कार्यों के लिए एकल डिजिटल अवसंरचना होगी और सभी योजना, विकसित ग्राम पंचायत प्लान की तैयारी से शुरू होने वाली अनिवार्य उर्ध्वमुखी प्रक्रिया का पालन करेगी, जिसे क्रमिक रूप से विकासखंड, जिला और राज्य स्तरों पर समेकित किया जाएगा। समेकित राज्य योजना को अनुमोदन के लिए राज्य स्तरीय संचालन समिति के समक्ष रखा जाएगा। वार्षिक योजनाएँ मानक आवंटन के आधार पर तैयार की जाएंगी।

(4) विकसित भारत राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना स्टैक राज्यों, जिलों और पंचायती राज संस्थाओं को प्राथमिकता वाले अवसंरचना अंतरालों की पहचान करने, कार्य डिजाइनों को मानकीकृत करने, और यह सुनिश्चित करने में मार्गदर्शन करेगा कि सार्वजनिक निवेश ग्राम पंचायत, ब्लॉक और जिला स्तरों पर संतृप्ति आधारित एवं परिणामों में मापने योग्य हों।

(5) यह संस्थागत संरचना एकल–योजना एवं बहु–वित्तपोषण दृष्टिकोण सुनिश्चित करेगी, विभागों एवं योजनाओं के मध्य अभिसरण को प्रोत्साहित करेगी तथा समस्त ग्रामीण विकास प्रयासों को उत्पादक, सुदृढ़ एवं परिवर्तनकारी ग्रामीण परिसंपत्तियों के निर्माण संबंधी 'विकसित भारत @ 2047' की परिकल्पना अनुरूप समन्वित करेगी।

अध्याय – पाँच
राज्य संस्थागत संरचना

8. **राज्य ग्रामीण रोजगार गारन्टी परिषद.–** राज्य स्तर पर, एक राज्य ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद होगी, जिसे ''छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण रोजगार गारन्टी परिषद'' कहा जाएगा। छत्तीसगढ़ ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद में एक राज्य स्तरीय सामान्य सभा होगी, जिसमें निम्नानुसार अध्यक्ष एवं सदस्य होंगेः–

(एक) मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन – **अध्यक्ष**।

(दो) मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास – **उपाध्यक्ष**।

(तीन) मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विधि एवं विधायी कार्य विभाग, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति कल्याण, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग, कृषि, जल संसाधन, राजस्व, श्रम, वन, वित्त, स्कूल शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग – **सदस्य**।

(चार) उपाध्यक्ष, राज्य नीति आयोग – **सदस्य**।

(पाँच) मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन – **सदस्य**।

(छः) अपर मुख्य सचिव / प्रमुख सचिव / सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास **– सदस्य सचिव**।

(सात) आयुक्त, वीबी – जी राम जी, छत्तीसगढ़ – **सदस्य**।

(आठ) इसके अतिरिक्त, पंचायत राज्य संस्थान, श्रमिक संगठनों और समाज के कमजोर वर्गों से राज्य सरकार द्वारा नामित गैर–सरकारी सदस्य जो पंद्रह (15) से अधिक नहीं होंगे।

(नौ) नामित गैर–सरकारी सदस्यों में से ''कम से कम एक–तिहाई महिलाएँ'' होंगी।

(दस) गैर–सरकारी सदस्यों में से ''कम से कम एक–तिहाई सदस्य'', ''अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समुदायों'' से होंगे।

9. राज्य परिषद् के अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति तथा नियुक्ति से सम्बन्धित नियम एवं शर्तें, परिषद् की बैठकों का समय, स्थान एवं प्रक्रिया (जिसमें ऐसी बैठकों के लिए गणपूर्ति भी सम्मिलित होगी) पृथक से अधिसूचित नियमों द्वारा विहित किये जायेंगे।

10. छत्तीसगढ़, राज्य ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद् के कर्तव्य एवं कार्य निम्नलिखित होंगे, अर्थात्–

(एक) राज्य में योजना तथा उसके क्रियान्वयन से संबंधित सभी विषयों पर राज्य सरकार को परामर्श देना;

(दो) समय–समय पर निगरानी एवं शिकायत निवारण तंत्र की समीक्षा करना तथा उसमें सुधार हेतु अनुशंसाएँ करना;

(तीन) राज्य में अधिनियम एवं योजना के क्रियान्वयन की निगरानी करना तथा ऐसे क्रियान्वयन का केंद्रीय परिषद् के साथ समन्वय स्थापित करना;

(चार) राज्य सरकार द्वारा राज्य विधानमंडल के समक्ष प्रस्तुत किए जाने हेतु वार्षिक प्रतिवेदन तैयार करना;

(पाँच) केंद्रीय परिषद् अथवा राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर सौंपे गए अन्य कर्तव्यों एवं कार्यों का निर्वहन करना।

11. राज्य परिषद् को राज्य में संचालित योजना का मूल्यांकन कराने तथा इस प्रयोजन हेतु ग्रामीण अर्थव्यवस्था, योजना एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन से संबंधित आंकड़ों का संकलन करने अथवा कराए जाने का अधिकार होगा।

12. **राज्य स्तरीय संचालन समिति.–** (1) राज्य स्तर पर योजना के क्रियान्वयन हेतु परिचालनात्मक मार्गदर्शन प्रदान करने, समन्वय स्थापित करने तथा उसकी निगरानी करने के लिए एक 'राज्य स्तरीय संचालन समिति' गठित की जाएगी।

(2) राज्य स्तरीय संचालन समिति की अध्यक्षता, राज्य के मुख्य सचिव द्वारा अथवा राज्य सरकार द्वारा नामित अपर मुख्य सचिव से अनिम्न पद के किसी अधिकारी द्वारा की जाएगी तथा इसमें निम्नलिखित सदस्य होंगे, अर्थात्–

(एक) अपर मुख्य सचिव / प्रमुख सचिव / सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग – **उपाध्यक्ष;**

(दो) आयुक्त, वीबी – जी राम जी, छत्तीसगढ़ – **सदस्य सचिव;**

(तीन) अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग/राजस्व विभाग/वन विभाग/वित्त विभाग/कृषि विभाग एवं पशुपालन विभाग/आदिम जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग/श्रम विभाग/विधि एवं विधायी विभाग/जल संसाधन विभाग/लोक स्वाथ्य यांत्रिकी विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग/स्कूल शिक्षा विभाग/महिला एवं बाल विकास विभाग – **सदस्य;**

(चार) तय की गई संख्या में राज्य सरकार द्वारा नामित विषय विशेषज्ञ – **सदस्य;**

(पाँच) तकनीकी या शोध संस्थानों के प्रतिनिधि – **सदस्य;**

(छः) भारत सरकार, ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा नामित एक सदस्य;

(सात) संचालक, पंचायत – सदस्य;

(आठ) आयुक्त, जनसम्पर्क – सदस्य;

(नौ) राज्य सूचना अधिकारी, एन.आई.सी. – सदस्य;

(दस) मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ़ राज्य वाटरशेड मैनेजमेंट एजेंसी – सदस्य;

(ग्यारह) संचालक सामाजिक अंकेक्षण इकाई – सदस्य;

(3) **राज्य स्तरीय संचालन समिति निम्नलिखित कार्य करेगी–**

(एक) राज्यव्यापी योजना निर्माण तथा अन्य कार्यक्रमों के साथ अभिसरण (Convergence) की देखरेख करना।

(दो) जिलों के प्रदर्शन की समीक्षा करना तथा समेकित राज्य योजना की समयबद्ध तैयारी सुनिश्चित करना।

(तीन) राष्ट्रीय स्तरीय संचालन समिति के साथ समन्वय स्थापित करना तथा उसके द्वारा जारी निर्देशों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करना।

(चार) राज्य स्तर पर डिजिटल प्रणालियों, निगरानी व्यवस्थाओं एवं प्रक्रिया सुधारों को समर्थन प्रदान करना, तथा

(पाँच) राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर सौंपे गए अन्य कार्यों का निष्पादन करना।

(4) राज्य स्तरीय संचालन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति तथा नियुक्ति से सम्बन्धित नियम एवं शर्तें, समिति की बैठकों का समय, स्थान एवं प्रक्रिया (जिसमें ऐसी बैठकों के लिए गणपूर्ति भी सम्मिलित होगी) पृथक से अधिसूचित नियमों द्वारा विहित किये जायेंगे।

13. **पंचायतें.–** (1) जिला, मध्यवर्ती और ग्राम स्तर पर पंचायतें इस अधिनियम के अंतर्गत बनायी गई योजना के नियोजन, क्रियान्वयन और निगरानी के लिए मुख्य प्राधिकरण होंगी।

(2) जिला स्तर पर पंचायत, जिले में योजना के क्रियान्वयन हेतु देखरेख एवं समन्वय करेगी, जिसमें समग्र जिला स्तर योजना को अंतिम मंजूरी देना एवं अनुमोदन, कार्यों की निगरानी व पर्यवेक्षण, अभिसरण सुनिश्चित करना तथा ऐसे अन्य कार्य करना शामिल हैं, जो राज्य सरकार उसे सौंप सकती है।

(3) मध्यवर्ती स्तर पर पंचायत, समेकित विकासखंड स्तरीय योजना तैयार करेगी और अंतिम रूप देगी, योजना निर्माण और क्रियान्वयन में ग्राम पंचायतों की सहायता करेगी, ग्राम पंचायत और ब्लॉक स्तरों पर कार्यों का पर्यवेक्षण करेगी, और विभागों के साथ अभिसरण को सुगम बनाएगी।

(4) वार्षिक योजनाएँ मानक आवंटन के आधार पर तैयार की जाएंगी।

(5) ग्राम पंचायत परिवारों का पंजीकरण करेगी, कार्य हेतु प्राप्त आवेदनों को स्वीकार एवं कार्रवाई करेगी, विकसित ग्राम पंचायत प्लान तैयार करेगी, उसे सौंपे गए कार्यों का क्रियान्वयन करेगी, ऐसे अभिलेखों का संधारण करेगी जो राज्य सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट किए जाएं तथा योजना के अंतर्गत उसे सौंपे गए अन्य दायित्वों का निर्वहन करेगी।

14. **जिला कार्यक्रम समन्वयक/कलेक्टर.–** (1) जिला कलेक्टर को जिले में योजना का क्रियान्वयन करने के लिए जिला कार्यक्रम समन्वयक के रूप में नामित किया जाएगा।

(2) जिला कार्यक्रम समन्वयक इस अधिनियम के प्रावधानों और इसके तहत बनाये गए नियमों के अनुसार जिले में योजना का क्रियान्वयन करने के लिए उत्तरदायी होगा।

(3) जिला कार्यक्रम समन्वयक के कार्य निम्नलिखित होंगे, अर्थात्:–

(एक) जिला कार्यक्रम समन्वयक जिला समग्र प्लान के संकलन एवं उसे अंतिम रूप प्रदान करने हेतु उत्तरदायी होगा तथा इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार जिला स्तर पर योजना के अभिसरण, क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण का पर्यवेक्षण करेगा।

(दो) जिला कार्यक्रम समन्वयक इस योजना के प्रावधानों और केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा जारी मार्गदर्शिका एवं निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करेगा और योजना के समयबद्ध तथा ऐसी प्रशासनिक स्वीकृतियाँ और मंजूरी देगा जो योजना के समयबद्ध और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक हों, जिसमें डिजिटल, भू–स्थानिक (Geospatial) और निगरानी प्रणालियाँ भी शामिल हैं,

(तीन) जिला कार्यक्रम समन्वयक, कार्यक्रम अधिकारियों के साथ समन्वय करेगा और इस अधिनियम और योजना के तहत स्थापित निगरानी ढाँचे, प्रबंधन सूचना प्रणाली और जवाबदेही तंत्र का उपयोग करके उनके प्रदर्शन की समीक्षा, निगरानी और पर्यवेक्षण करेगा,

(चार) जिला कार्यक्रम समन्वयक योजना के तहत किये गए कार्यों का समय–समय पर निरीक्षण करेगा, गुणवत्ता और उत्पादकता मानकों का पालन सुनिश्चित करेगा, और केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित तरीके से डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढाँचे और नामित शिकायत निवारण प्रणालियों के माध्यम से आवेदकों की शिकायतों का निवारण करेगा।

(4) जिला कार्यक्रम समन्वयक, अपने अधिकार क्षेत्र के तहत जिले के लिए एक प्लान तैयार करेगा, जिसमें स्वीकृत विकसित ग्राम पंचायत योजना और विकासखंड योजना और जिला पंचायतों से मिले प्रस्तावों को शामिल किया जाएगा।

15. **कार्यक्रम अधिकारी (ब्लॉक/जनपद स्तर).–** (1) राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक जनपद पंचायत में एक व्यक्ति को कार्यक्रम अधिकारी के रूप में नियुक्त किया जाएगा, जो ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर के पद से नीचे का न हो, और जिसके पास ऐसी योग्यता और अनुभव हो, जो परिषद द्वारा तय किया जाए।

(2) कार्यक्रम अधिकारी, अधिनियम तथा उसके अंतर्गत बनायी गई योजना के तहत् मध्यवर्ती स्तर पर पंचायतों को उसके कार्यों के निर्वहन में सहायता करेगा।

(3) कार्यक्रम अधिकारी अपने अधिकार क्षेत्र में कार्यों से उत्पन्न रोजगार के अवसरों के साथ रोजगार की मांग का मिलान करने के लिए उत्तरदायी होगा।

(4) कार्यक्रम अधिकारी, अनुमोदित विकसित ग्राम पंचायत प्लान तथा मध्यवर्ती पंचायतों से प्राप्त प्रस्तावों को समेकित करके अपने अधिकार क्षेत्र के ब्लॉक के लिए एक समग्र प्लान तैयार करेगा।

(5) अधिनियम के प्रावधानों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, कार्यक्रम अधिकारी के निम्नलिखित कृत्य होंगे:–

(एक) ब्लॉक के भीतर ग्राम पंचायतों और अन्य क्रियान्वयन एजेंसियों द्वारा किये गए सभी कार्यों और परियोजनाओं की निगरानी करना, यह सुनिश्चित करना कि वे विकसित ग्राम पंचायत प्लान के अनुरूप हों,

(दो) अधिनियम के प्रावधान अनुसार योग्य परिवारों को बेरोजगारी भत्ता स्वीकृत करना और उसका भुगतान सुनिश्चित करना,

(तीन) ब्लॉक के भीतर योजना के तहत नियोजित सभी श्रमिकों को समय पर और निष्पक्ष मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित करना, जिसमें केन्द्र सरकार द्वारा निर्दिष्ट डिजिटल और बायोमेट्रिक प्रमाणित भुगतान प्रणालियाँ भी शामिल हैं,

(चार) यह सुनिश्चित करना कि प्रत्येक ग्राम पंचायत के अधिकार क्षेत्र के सभी कार्यों का नियमित सामाजिक अंकेक्षण ग्राम सभा द्वारा किया जाए, और ऐसे अंकेक्षण से उद्भूत आपत्तियों और निष्कर्षों पर समय पर उचित कार्रवाई की जाए,

(पाँच) इस अधिनियम की धारा 25 की उप–धारा (1) के अंतर्गत स्थापित शिकायत निवारण तंत्र के माध्यम से ब्लॉक के भीतर योजना के क्रियान्वयन से सम्बन्धित सभी शिकायतों एवं अभ्यावेदनों का त्वरित निराकरण करना,

(छः) ब्लॉक के भीतर किये गए सभी कार्यों की जियो–टैगिंग, डिजिटल अभिलेखीकरण, और प्रबंधन सूचना प्रणाली में रिपोर्टिंग सुनिश्चित करना, और केन्द्र सरकार द्वारा इस नियम के तहत निर्दिष्ट निगरानी, परिणामों और पारदर्शिता का पालन कराना,

(सात) संतृप्ति–आधारित योजना निर्माण तथा योजना के अंतर्गत कार्यों के क्रियान्वयन को समर्थन प्रदान करने हेतु ब्लॉक स्तर पर अंतर–विभागीय अभिसरण को सुगम बनाना, और

(आठ) कोई भी अन्य कार्य, जो जिला कार्यक्रम समन्वयक और राज्य सरकार द्वारा अधिनियम के तहत् उसे सौंपा जाए।

(6) कार्यक्रम अधिकारी, जिला कार्यक्रम समन्वयक के निर्देशन, नियंत्रण और पर्यवेक्षण में अपना कार्य करेगा।

16. ग्राम पंचायत के उत्तरदायित्व.– ग्राम पंचायत निम्नलिखित के लिए उत्तरदायी होगी:–

(एक) परिवारों का पंजीकरण तथा ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्ड जारी करना,

(दो) कार्य हेतु आवेदनों की प्राप्ति तथा ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्डों से संबंधित अभिलेखों का संधारण करना,

(तीन) विकसित ग्राम पंचायत प्लान का निर्माण करना,

(चार) प्रत्येक ग्राम पंचायत, ग्राम सभा एवं वार्ड सभाओं की अनुशंसाओं पर विचार करने के उपरांत तथा कार्यों की मांग को दृष्टिगत रखते हुए, संतृप्ति के आधार पर विकसित ग्राम पंचायत प्लान तैयार करेगी,

(पाँच) वार्षिक योजनाएँ मानक आवंटन के आधार पर तैयार की जाएँगी,

(छः) कार्यक्रम अधिकारी योजना के अंतर्गत लागत की दृष्टि से कम–से–कम पचास प्रतिशत कार्य ग्राम पंचायतों के माध्यम से क्रियान्वित किए जाने हेतु आवंटित करेगा,

(सात) कार्यक्रम अधिकारी प्रत्येक ग्राम पंचायत को उपलब्ध कराने के साथ –

(क) उसके द्वारा क्रियान्वित किए जाने हेतु स्वीकृत कार्यों के मस्टर रोल;

(ख) ग्राम पंचायत के निवासियों हेतु अन्यत्र उपलब्ध रोजगार अवसरों की सूची तैयार करेगा।

(आठ) ग्राम पंचायत आवेदकों के मध्य रोजगार अवसरों का आवंटन करेगी तथा उन्हें कार्य हेतु उपस्थित होने के लिए निर्देशित करेगी,

(नौ) योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत द्वारा किए जाने वाले कार्य, अपेक्षित तकनीकी मानकों एवं मापदण्डों के अनुरूप होंगे,

(दस) कार्यक्रम अधिकारी द्वारा उसे आवंटित कार्यों का क्रियान्वयन करना, तथा

(ग्यारह) ग्राम पंचायत, कार्यक्रम अधिकारी द्वारा स्वीकृत किए जाने पर, ग्राम पंचायत क्षेत्र के भीतर विकसित ग्राम पंचायत प्लान से संबंधित किसी भी कार्य को योजना के अंतर्गत प्रारंभ कर सकेगी।

17. **ग्राम सभा द्वारा सामाजिक अंकेक्षण.–** ग्राम सभा, अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार, ग्राम पंचायत के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत योजना के तहत किए गए समस्त कार्यों के क्रियान्वयन की निगरानी एवं समीक्षा करेगी।

क. ग्राम सभा, केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी/अधिसूचित प्रावधानों के अनुसार, ग्राम पंचायत के अंतर्गत योजना के तहत किए गए सभी कार्यों का नियमित सामाजिक अंकेक्षण करेगी।

ख. ग्राम पंचायत / जनपद पंचायत / क्रियान्वयन एजेन्सी, सामाजिक अंकेक्षण के संचालन हेतु आवश्यक समस्त दस्तावेज/अभिलेख ग्राम सभा को उपलब्ध कराएगा, जिनमें मस्टर रोल, बिल, वाउचर, मापन पुस्तिकाएँ, स्वीकृति आदेश, डिजिटल अभिलेख, जियो–टैग युक्त फोटोग्राफ्स तथा अन्य सभी सुसंगत दस्तावेज, चाहे वे भौतिक अथवा इलेक्ट्रॉनिक स्वरूप में संधारित हों, सम्मिलित होंगे।

अध्याय – छः
पंजीकरण और रोजगार गारन्टी कार्ड

18. **परिवार का पंजीकरण,–** (1) परिवार पंजीकरणः ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले प्रत्येक परिवार का वयस्क सदस्य, जो अकुशल शारीरिक कार्य करने के लिए इच्छुक है, परिवार के नाम, आयु और पते, जिस ग्राम पंचायत के अधिकार क्षेत्र में वे रहते हैं, उसे परिवार के पंजीकरण और ग्रामीण रोजगार गारन्टी कार्ड जारी करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत में जमा कर सकता है।

(2) विशेष ग्रामीण रोजगार गारन्टी कार्ड, जब रोजगार चाहने वाला हो–
(एक) एकल महिला, या

(दो) दिव्यांग व्यक्ति, या

(तीन) साठ वर्ष से अधिक आयु का व्यक्ति, या

(चार) मुक्त बंधुआ मजदूर, या

(पाँच) विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह से संबंधित व्यक्ति, या

(छः) ट्रांसजेंडर व्यक्ति।

(3) कार्य उपलब्ध कराने, कार्य के मूल्यांकन एवं कार्यस्थल पर सुविधाओं हेतु, जो भी लागू हो, विशेष सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु अलग रंगों का विशेष ग्रामीण रोजगार गारन्टी कार्ड जारी किया जावेगा।

19. **ग्रामीण रोजगार गारन्टी कार्ड का जारी किया जाना.–** (1) ग्राम पंचायत का यह कर्तव्य होगा कि वह ऐसे आवेदन प्राप्त होने की तारीख से पंद्रह दिनों के भीतर ऐसा परीक्षण, जैसा कि वह उचित समझे, करने के बाद, ग्रामीण रोजगार गारन्टी कार्ड जारी करे, जिसमें एक विशिष्ट ग्रामीण रोजगार गारन्टी कार्ड नंबर हो और परिवार के पंजीकृत वयस्क सदस्यों का विवरण, उनकी फोटो, बैंक या डाकघर खाता नंबर, बीमा पॉलिसी नंबर और आधार नंबर, यदि कोई हो, शामिल होगा।

(2) जारी किया गया ग्रामीण रोजगार गारन्टी कार्ड, तीन वर्ष के लिए वैध होगा। सम्यक सत्यापन के बाद उसका नवीनीकरण किया जा सकता है।

(3) निम्नलिखित में से किसी भी आधार के अलावा ग्रामीण रोजगार गारन्टी कार्ड, निरस्त नहीं किया जाएगा–

(एक) जहाँ यह डुप्लीकेट पाया जाता है, या

(दो) जहाँ पूरा परिवार स्थायी रूप से ग्राम पंचायत के अधिकार क्षेत्र से बाहर अन्यत्र चला गया है और अब गाँव में नहीं रहता है, या

(तीन) जहाँ पंजीकृत परिवार के सभी वयस्क सदस्यों की मृत्यु हो चुकी हो।

(4) राज्य सरकार, ग्रामीण रोजगार गारन्टी कार्ड में निम्नलिखित विवरणों को नियमित रूप से अद्यतन करने की व्यवस्था करेगी, जो योजना के तहत मुख्य गारंटियों के रूप में सूचीबद्ध हैः–

(एक) जितने दिनों के लिए रोजगार की मांग की गई थी;

(दो) आवंटित रोजगार के दिनों की संख्या;

(तीन) मस्टर रोल नंबर के साथ आवंटित किये गए कार्य का विवरण;

(चार) माप का विवरण;

(पाँच) बेरोजगारी भत्ते का भुगतान किया गया हो, यदि कोई हो;

(छः) भुगतान की गई मजदूरी की तारीखवार राशि;

(सात) विलंब के लिए मुआवजे का भुगतान, यदि कोई हो;

(आठ) किसी परिसम्पत्ति का प्रदान किया जाना, यदि कोई हो।

(5) प्रत्येक श्रमिक को सुनवाई का अवसर मिलेगा तथा वह योजना के तहत शिकायत निवारण तंत्र के प्रावधानों के अनुसार निराकरण के लिए सभी क्रियान्वयन स्तरों पर मौखिक या लिखित रूप में शिकायत दर्ज करा सकेगा।

20. **विस्थापन के मामले में ग्रामीण रोजगार गारन्टी कार्ड का जारी किया जाना.–** (1) इस अनुसूची में अंतवर्लित किसी बात के होते हुए भी, बाढ़, चक्रवात, सुनामी एवं भूकम्प जैसी किसी राष्ट्रीय आपदा की दशा में ग्रामीण जनसंख्या के व्यापक विस्थापन की स्थिति में, ऐसे प्रभावित क्षेत्रों के ग्रामीण परिवारों के वयस्क सदस्य–

(एक) अस्थायी पुनर्वास क्षेत्र की ग्राम पंचायत अथवा कार्यक्रम अधिकारी के समक्ष पंजीकरण हेतु आवेदन कर सकेंगे तथा ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्ड प्राप्त कर सकेंगे,

(दो) अस्थायी पुनर्वास क्षेत्र के कार्यक्रम अधिकारी अथवा ग्राम पंचायत को कार्य हेतु लिखित अथवा मौखिक आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे, तथा

(तीन) किसी हानि अथवा विनाश की स्थिति में ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्ड के पुनः पंजीकरण एवं पुनः निर्गमन हेतु आवेदन कर सकेंगे।

(2) ऐसे ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्डों का विवरण जिला कार्यक्रम समन्वयक को सूचित किया जाएगा।

(3) सामान्य स्थिति की पुनर्स्थापना होने पर, इस प्रकार जारी किया गया ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्ड मूल निवास स्थान पर पुनः अभिप्रमाणित किया जाएगा तथा मूल ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्ड प्राप्त होने पर उसके साथ समेकित किया जाएगा।

(4) प्रदत्त रोजगार के दिनों को प्रति परिवार 125 दिनों के गारंटीकृत रोजगार की गणना में के प्रयोजनार्थ सम्मिलित किया जाएगा।

अध्याय – सात
काम की मांग एवं आवंटन

21. **काम की मांग.–** (1) पंजीकृत परिवार का प्रत्येक वयस्क सदस्य, जिसका नाम ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्ड में अंकित है, योजना के अंतर्गत अकुशल शारीरिक काम हेतु आवेदन करने का हकदार होगा, तथा ऐसे प्रत्येक आवेदन का अनिवार्य रूप से पंजीकरण किया जाएगा और दिनांक सहित रसीद जारी की जाएगी, जिसका विवरण निर्दिष्ट डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दर्ज किया जाएगा।

(2) राज्य, कमजोर वर्गों की आवश्यकताओं का सक्रिय रूप से सत्यापन करेगा तथा उन्हें काम उपलब्ध कराएगा।

(3) काम हेतु आवेदन मौखिक अथवा लिखित रूप में वार्ड सदस्य, ग्राम पंचायत, कार्यक्रम अधिकारी, राज्य सरकार द्वारा प्राधिकृत किसी व्यक्ति अथवा डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से, या राज्य सरकार द्वारा अधिकृत किसी अन्य माध्यम से प्रस्तुत किया जा सकेगा।

(4) काम हेतु आवेदन व्यक्तिगत रूप से अथवा समूह के रूप में संयुक्त रूप से प्रस्तुत किए जा सकेंगे।

(5) किसी व्यक्ति द्वारा आवेदन किए जाने वाले रोजगार के दिनों की संख्या अथवा उसे वास्तविक रूप से प्रदान किए जाने वाले रोजगार के दिनों की संख्या पर, परिवार की समग्र गारंटी के अधीन रहते हुए, कोई सीमा नहीं होगी।

(6) सामान्यतः, काम हेतु आवेदन कम–से–कम छः दिनों के सतत् कार्य के लिए होना आवश्यक होगा।

(7) इस योजना के अंतर्गत अग्रिम आवेदन से तात्पर्य, उस तिथि से पूर्व प्रस्तुत ऐसे आवेदन से है, जिस तिथि से रोजगार अपेक्षित है।

(8) योजना में एक ही व्यक्ति द्वारा एकाधिक आवेदन प्रस्तुत किया जा सकेगा, परन्तु जिन अवधियों के लिए रोजगार अपेक्षित हो, वे परस्पर अतिव्यापी न हों।

22. **काम का आवंटन.–** (1) ग्राम पंचायत तथा कार्यक्रम अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक आवेदक को योजना के प्रावधानों के अनुसार आवेदन प्राप्ति की तिथि से अथवा अग्रिम आवेदन की स्थिति में, जिस तिथि से उसने काम की मांग की हो, उनमें से जो भी पश्चातवर्ती हो, उससे पंद्रह दिनों के भीतर अकुशल शारीरिक कार्य उपलब्ध कराया जाए।

(2) महिलाओं को प्राथमिकता इस प्रकार दी जाएगी कि पंजीकरण तथा काम की मांग करने वाले लाभार्थियों में कम–से–कम एक–तिहाई महिलाएँ हों। एकल महिलाओं तथा दिव्यांग व्यक्तियों की सहभागिता बढ़ाने हेतु प्रयास किए जाएंगे।

(3) जिन आवेदकों को काम उपलब्ध कराया जाएगा, उन्हें इसकी सूचना लिखित रूप में, ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्ड में उल्लिखित पते पर प्रेषित पत्र द्वारा अथवा किसी अन्य प्रभावी संचार माध्यम से या जिला, मध्यवर्ती अथवा ग्राम स्तर की पंचायतों के कार्यालय में सार्वजनिक सूचना प्रदर्शित करके दी जाएगी।

(4) जिन व्यक्तियों को काम उपलब्ध कराया गया है, उनकी सूची ग्राम पंचायत तथा कार्यक्रम अधिकारी के कार्यालय में और ऐसे अन्य स्थानों पर, जिन्हें कार्यक्रम अधिकारी आवश्यक समझे, प्रदर्शित की जाएगी तथा उक्त सूची राज्य सरकार एवं किसी भी इच्छुक व्यक्ति द्वारा निरीक्षण हेतु उपलब्ध रहेगी।

(5) यथासंभव, रोजगार, उस ग्राम से पाँच किलोमीटर की परिधि के भीतर उपलब्ध कराया जाएगा, जहाँ आवेदक आवेदन करते समय निवास करता हो।

(6) योजना के अंतर्गत कोई नया कार्य तब प्रारंभ किया जा सकेगा जब कम–से–कम दस श्रमिक काम हेतु उपलब्ध हों परन्तु, राज्य सरकार द्वारा यथा निर्धारित पर्वतीय क्षेत्रों तथा वनीकरण कार्यों के संबंध में यह शर्त लागू नहीं होगी।

(7) यदि रोजगार पाँच किलोमीटर की परिधि से बाहर उपलब्ध कराया जाता है, तो अतिरिक्त परिवहन एवं जीवन–यापन व्यय की पूर्ति हेतु श्रमिकों को मजदूरी दर का दस प्रतिशत अतिरिक्त मजदूरी के रूप में देय होगा।

(8) रोजगार की अवधि निरंतर कम–से–कम छः दिनों की होगी तथा एक सप्ताह में छः दिनों से अधिक कार्य नहीं कराया जाएगा।

अध्याय – आठ
मस्टर रोल, उपस्थिति एवं माप

23. **मस्टर रोल.–** इस योजना के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों के मस्टर रोल का संधारण डिजिटल प्रणालियों के माध्यम से किया जाएगा तथा वे निम्नलिखित आवश्यकताओं के अनुरूप होंगेः–

प्रत्येक मस्टर रोल अंग्रेजी एवं स्थानीय भाषा में होगा तथा प्रबंधन सूचना प्रणाली के माध्यम से जारी एक विशिष्ट इलेक्ट्रॉनिक रूप से सृजित पहचान संख्या (ई–मस्टर) से युक्त होगा। मस्टर रोल में उन सभी श्रमिकों के नाम सम्मिलित होंगे जिन्होंने काम की मांग की है या जिन्हें काम आवंटित किया गया है, तथा इसे ग्राम पंचायत के अधिकृत पदाधिकारी अथवा कार्यक्रम अधिकारी द्वारा प्रमाणित किया जाएगा।

24. **उपस्थिति अभिलेखन.–** कार्यस्थल पर उपस्थिति का दैनिक अभिलेखन किसी अधिकृत व्यक्ति द्वारा बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली का उपयोग करते हुए किया जाएगा, तथा समस्त उपस्थिति विवरण, नामित प्रबंधन सूचना प्रणाली के माध्यम से प्रतिदिन सार्वजनिक रूप से देखने हेतु उपलब्ध कराए जाएंगे।

25. **कार्य का मापन.–** (1) मजदूरी का भुगतान, केवल कार्यस्थल पर अधिकृत तकनीकी कर्मियों द्वारा मस्टर रोल बंद होने के तीन दिनों के भीतर किए गए मापन के आधार पर ही किया जाएगा तथा इसे नामित प्रबंधन सूचना प्रणाली से समेकित प्रणालियों के माध्यम से डिजिटल रूप में अभिलिखित किया जाएगा।

(2) राज्य सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि समयबद्ध मापन हेतु पर्याप्त तकनीकी कर्मियों की तैनाती की जाए। उपयुक्त व्यक्तियों को प्रशिक्षण देकर उन्हें तैनात किया जा सकता है, साथ ही उन्हें प्रत्यायोजित तकनीकी दायित्व सौंपे जा सकते हैं और उन्हें कुशल दरों पर मजदूरी का भुगतान किया जाएगा।

अध्याय – नौ
मजदूरी भुगतान एवं विलंबित मुआवजा

26. **मजदूरी का भुगतान.–** (1) श्रमिक को भुगतान की जाने वाली मजदूरी दर, केंद्र सरकार द्वारा तय और अधिसूचित की जाएगी।

(2) दैनिक मजदूरी का संवितरण साप्ताहिक आधार पर किया जाएगा। किसी भी दशा में दैनिक मजदूरी का भुगतान, कार्य करने के दिनांक से पन्द्रह दिन के भीतर किया जाएगा।

27. **भुगतान का माध्यम.–** जब तक केन्द्रीय सरकार द्वारा ऐसी छूट न दी जाए, मजदूरी का भुगतान, श्रमिकों के संबंधित बैंकों अथवा डाकघरों में स्थित उनके व्यक्तिगत बचत खातों के माध्यम से किया जाएगा।

28. **विलंब क्षतिपूर्ति.–** (1) मस्टर रोल बंद होने की तिथि से पंद्रह दिनों के भीतर यदि मजदूरी का भुगतान नहीं किया जाता है, तो श्रमिक विलंब हेतु मस्टर रोल के समापन के सोलहवें दिन से, प्रत्येक विलंबित दिवस हेतु अप्रदत्त मजदूरी के 0.05% की दर से क्षतिपूर्ति का भुगतान प्राप्त करने हकदार होगा।

(2) क्षतिपूर्ति देय दिनांक से पंद्रह दिन की अवधि के बाद भुगतान के विलंब को मजदूरी भुगतान में विलंब के समान ही माना जाएगा।

(3) मजदूरी भुगतान में जवाबदेही सुनिश्चित करने तथा विभिन्न पदाधिकारियों अथवा अभिकरणों की उत्तरदायित्वता निर्धारित करने के प्रयोजन हेतु राज्य सरकारें मजदूरी निर्धारण एवं भुगतान की प्रक्रिया को विभिन्न चरणों में विभाजित करेंगी, जैसे–

(क) कार्य का मापन;

(ख) मस्टर रोल का कम्प्यूटरीकरण;

(ग) मापन का कम्प्यूटरीकरण;

(घ) मजदूरी सूची का निर्माण; तथा

(ङ) निधि अंतरण आदेश (एफ.टी.ओ.) का अपलोड किया जाना, और प्रत्येक चरण के लिए अधिकतम समय–सीमा के साथ ही उस चरण के लिए उत्तरदायी पदाधिकारी अथवा अभिकरण को स्पष्ट रूप से निर्धारित किया जाएगा।

(4) कम्प्यूटर प्रणाली में यह प्रावधान होगा कि मस्टर रोल बंद होने की तिथि तथा श्रमिकों के खातों में मजदूरी जमा होने की तिथि के आधार पर देय क्षतिपूर्ति की राशि स्वतः गणना की जा सके।

(5) जिला कार्यक्रम समन्वयक एवं कार्यक्रम अधिकारी, सम्यक सत्यापन के उपरांत उपर्युक्त यथा निर्धारित समय–सीमा के भीतर क्षतिपूर्ति का भुगतान करेंगे तथा भुगतान में विलंब के लिए उत्तरदायी पदाधिकारियों अथवा अभिकरणों से क्षतिपूर्ति राशि की वसूली करेंगे।

(6) विलंब के दिनों की संख्या, देय क्षतिपूर्ति तथा वास्तविक रूप से भुगतान की गई क्षतिपूर्ति का विवरण प्रबंधन सूचना प्रणाली में दर्शाया जाएगा।

अध्याय – दस
बेरोजगारी भत्ता

29. **बेरोजगारी भत्ता के लिए पात्रता.–** (1) यदि आवेदक, रोजगार की मांग संबंधी आवेदन प्राप्त होने की तिथि से पंद्रह दिवस के भीतर अथवा अग्रिम आवेदन की स्थिति में जिस तिथि से रोजगार की मांग की गई हो, इनमें से जो भी बाद की तिथि हो, रोजगार उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो वह अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार दैनिक बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने का पात्र होगा।

(2) ऐसी दर वित्तीय वर्ष के प्रथम तीस दिनों के लिए अधिसूचित मजदूरी दर के एक–चौथाई से कम नहीं होगी तथा वित्तीय वर्ष की शेष अवधि के लिए मजदूरी दर के आधे से कम नहीं होगी।

30. **बेरोजगारी भत्ता भुगतान की प्रक्रिया.–** आवेदक के परिवार को संयुक्त रूप से देय बेरोजगारी भत्ता कार्यक्रम अधिकारी अथवा ऐसी स्थानीय प्राधिकरण (जिसमें जिला, मध्यवर्ती अथवा ग्राम स्तर की पंचायत सम्मिलित है) द्वारा स्वीकृत एवं वितरित किया जाएगा। बेरोजगारी भत्ते का प्रत्येक भुगतान, भुगतान हेतु देय होने की तिथि से पंद्रह दिवस के भीतर किया जाएगा।

अध्याय – ग्यारह
कार्यों की श्रेणियाँ और
व्यक्तिगत लाभार्थी कार्यों के लिए पात्रता मानदंड

31. **योजना के तहत कार्य और श्रेणियाँ.-** (1) योजना का मुख्य केन्द्र बिन्दु– कार्यों का वर्गीकरणः यह योजना निम्नलिखित श्रेणियों के कार्यों पर ध्यान केंद्रित करेगी, जैसा कि विकसित ग्राम पंचायत योजना में चिन्हांकित किया गया है और विकसित भारत राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना स्टैक में समेकित किया गया है।

(2) योजना के तहत किये जाने वाले कार्य निम्नलिखित श्रेणियों के अंतर्गत आयेंगे, जो विषयगत फोकस और इच्छित परिणाम पर आधारित होंगे, अर्थात्:–

(अ) श्रेणी एक – जल–संबंधी कार्य (जल सुरक्षा के लिए) –

(क) संरक्षण, सिंचाई, भूजल पुनर्भरण, स्रोत स्थिरता, जल निकायों का कायाकल्प, जलक्षेत्र विकास और वनीकरण पर केन्द्रित होंगे तथा उदाहरणार्थ, कार्यों में शामिल हैं–

(एक) नहरों, बाढ़ या डायवर्सन चैनल, चेक डैम, गली प्लग और भूमिगत डाइक का निर्माण;

(दो) तालाबों का निर्माण या जीर्णोद्धार, परकोलेशन टैंक, रिचार्ज पिट्स, रिचार्ज शाफ्ट, इंजेक्शन कुओं और संबंधित जल संचयन संरचनाओं का निर्माण;

(तीन) सिंचाई के लिये खुले कुएं, सूक्ष्म सिंचाई चैनल और खेत में जल वितरण प्रणाली;

(चार) सामुदायिक जलभराव वाली भूमि का सुधार;

(पाँच) मृदा और नमी संरक्षण से संबंधित वनीकरण और वृक्षारोपण कार्य; और

(छः) छत पर वर्षा जल संचयन और अन्य विकेन्द्रीकृत रिचार्ज प्रणाली।

(ख) अपेक्षित परिणाम– एकीकृत जल संसाधन प्रबंधन, दीर्घकालिक जलवायु सहनशीलता के लिए रिचार्ज और संरक्षण के माध्यम से जल सुरक्षा को मजबूत करना।

(ब) श्रेणी दो – बुनियादी ग्रामीण अवसंरचना –

(क) कोर सिविक, सामाजिक, शासन और सेवा जो विषयगत केन्द्रित होगी – शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, स्वच्छता, कनेक्टिविटी, नवीकरणीय ऊर्जा और सामुदायिक सेवाओं से संबंधित अवसंरचना प्रतिपूर्ति तथा उदाहरणार्थ कार्यों में शामिल हैं –

(एक) ग्रामीण सड़कों, पुलियों, क्रॉस–ड्रेनेज संरचनाओं और ग्राम संपर्क सुविधाओं का निर्माण या उन्नयन;

(दो) ग्राम पंचायत भवनों, आंगनवाड़ी केन्द्रों, ग्रामीण पुस्तकालयों और अन्य सार्वजनिक भवनों का निर्माण;

(तीन) स्कूल के बुनियादी ढांचे का निर्माण, जिसमें किचन शेड, अतिरिक्त कक्षायें, प्रयोगशालायें, बाउन्ड्रीवाल और खेल के मैदान शामिल हैं;

(चार) शवदाह गृह और सामुदायिक बुनियादी ढाँचा;

(पाँच) ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन परिसंपत्तियाँ, जिसमें स्थिरीकरण तालाब, सामुदायिक स्वच्छता परिसर और अपशिष्ट पृथक्करण और संग्रहण केन्द्र शामिल हैं;

(छः) सौर प्रकाश प्रणालियों और अन्य नवीकरणीय ग्रामीण ऊर्जा बुनियादी ढाँचे की स्थापना;

(सात) ग्राम पार्किंग क्षेत्र, परिवहन शेड और अन्य सामान्य ग्रामीण सुविधायें;

(आठ) केन्द्र सरकार की योजनाओं के तहत अनुमेय ग्रामीण आवास कार्य, जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के तहत अनुमेय कार्य शामिल हैं; और

(नौ) जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिये जल जीवन मिशन के तहत बनाये गए कार्यों की मरम्मत और रखरखाव।

(ख) अपेक्षित परिणाम– मौलिक नागरिक और सामाजिक अधोसंरचना के निर्माण से बुनियादी सुविधाओं, बेहतर सेवा उपलब्धता और ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन की बेहतर गुणवत्ता सुनिश्चित करना।

(स) श्रेणी तीन – आजीविका संबंधी अधोसंरचना –

(क) विषयगत आधार पर गुणवत्तापूर्ण परिसंपत्तियाँ और सुविधाएँ शामिल होंगी, जो कृषि, पशुधन, मत्स्य पालन, मूल्य वर्धन, कौशल और उद्यम विकास के माध्यम से ग्रामीण आजीविका को बढ़ाती हैं और उदाहरणार्थ कार्यों में शामिल हैं –

(एक) आजीविका गतिविधियों के लिये प्रशिक्षण–सह–कौशल विकास केन्द्र और कार्यशालाओं का निर्माण;

(दो) ग्रामीण हाट या साप्ताहिक बाजार और अन्य बाजार अधोसंरचना;

(तीन) खाद्यान्न भंडारण भवन, कृषि उपज भंडारण संरचनाएं, कोल्ड स्टोरेज इकाइयाँ और अन्य कृषि–मूल्य श्रृंखला अधोसंरचना,

(चार) स्वयं सहायता समूहों और संघ–स्तरीय संस्थानों के लिये भवन;

(पाँच) कम्पोस्ट संरचनाएं, जिसमें वर्मी कम्पोस्ट और नाडेप इकाईयाँ शामिल हैं;

(छः) सिल्विपाश्चर घास के मैदानों का विकास, डेयरी अधोसंरचना और मवेशियों, बकरियों, सूअरों, मुर्गियों और अन्य पशुधन के लिये आश्रय ;

(सात) मत्स्य पालन से संबंधित अधोसंरचना, जिसमें मछली सुखाने के यार्ड शामिल हैं;

(आठ) नर्सरी उगाना और भवन निर्माण सामग्री का उत्पादन; तथा

(नौ) एकीकृत परियोजनाएं, जो सर्कुलर और चक्रीय अर्थव्यवस्था मॉडल को बढ़ावा देती हैं, जैसा कि केन्द्र सरकार द्वारा अनुमोदित किया जावे।

(ख) अपेक्षित परिणाम– सतत आजीविका, मूल्य वर्धन, उद्यम विकास और आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्थाओं को मजबूत करना।

(द) श्रेणी चार – अत्यधिक खराब मौसम और आपदा के प्रभावों को कम करने हेतु विशेष कार्यः–

(क) विषयगत आधार पर आपदा जोखिम न्यूनीकरण, जलवायु अनुकूलन, बाढ़, चक्रवात, तूफान, सूखा, भूस्खलन, जंगल की आग और अत्यधिक खराब मौसम की घटनाओं से ग्रामीण समुदायों और परिसंपत्तियों की सुरक्षा शामिल होगी और उदाहरणार्थ कार्यों में शामिल हैंः–

(एक) चक्रवात आश्रय, बाढ़ आश्रय और बहुउद्देशीय आपदा प्रतिरोधी संरचनाओं का निर्माण;

(दो) डायवर्जन चैनल्स, तटबंधों और अन्य आपदा–शमन कार्यों का निर्माण;

(तीन) बाढ़ प्रबंधन के लिये स्थिरीकरण तालाबों और जल संरचनाओं का निर्माण;

(चार) आपदा के बाद ग्रामीण सड़कों और सामुदायिक परिसंपत्तियों का पुनर्वास, बहाली और मरम्मत;

(पाँच) विंडब्रेक और शेल्टरबेल्ट वृक्षारोपण; और

(छः) जंगल की आग प्रबंधन कार्य, जिसमें फायर ब्रेक, ईंधन बफर जोन और संबंधित उपाय शामिल हैं।

(ख) अपेक्षित परिणाम– अत्यधिक खराब मौसम की स्थितियों का सामना करने में सक्षम जलवायु–अनुकूल गाँवों का निर्माण।

(3) कोई अन्य सार्वजनिक कार्य, जो केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित किया जाए।

(4) अधिनियम के तहत बनायी गई ग्रामीण सार्वजनिक परिसंपत्तियों का रखरखाव।

(5) व्यक्तिगत लाभार्थियों के लिए कार्य, जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के तहत आवास से संबंधित कार्य, स्वच्छता से संबंधित कार्य और केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत समय–समय पर किये गए अन्य लाभार्थी–उन्मुख विकासात्मक कार्य शामिल हैं, जिन्हें विशेष रूप से योजना में शामिल करने के लिए अधिसूचित किया गया है, उन्हें भी लिया जा सकता है, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं। ऐसे लाभार्थियों की पात्रता, केन्द्र सरकार द्वारा अधिसूचित की जाएगी, जो केन्द्र सरकार की संबंधित योजनाओं के तहत निर्दिष्ट पात्रता मानदंडों के अनुरूप होगी और ऐसे सभी कार्य केन्द्र सरकार द्वारा जारी मानदंडों, मानकों और दिशा–निर्देशों के अनुरूप होंगे।

32. **व्यक्तिगत कार्य हेतु लाभार्थियों के लिए पात्रता मानदंड.–** उपरोक्त प्रावधानों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, केंद्र सरकार द्वारा यथा अधिसूचित व्यक्तिगत परिसंपत्तियाँ बनाने वाले कार्यों को ऐसे परिवारों के स्वामित्व वाली भूमि या आवासीय भूखंड पर प्राथमिकता दी जाएगी, जो निम्न से संबंधित हैं:–

(क) अनुसूचित जातियाँ;

(ख) अनुसूचित जनजातियाँ;

(ग) खानाबदोश जनजातियाँ;

(घ) विमुक्त जनजातियाँ;

(ड.) समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, जैसा कि केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित मानदंडों के आधार पर पहचाना गया है;

(च) महिला–प्रधान परिवार;

(छ) दिव्यांग व्यक्ति–प्रधान परिवार;

(ज) भूमि सुधारों के लाभार्थी;

(झ) प्रधानमंत्री आवास योजना – ग्रामीण (पीएमएवाई–जी) के तहत लाभार्थी; तथा

(ञ) अनुसूचित जनजाति और अन्य पारंपरिक वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) के तहत लाभार्थी, और

उपरोक्त श्रेणियों के तहत पात्र लाभार्थियों को समाहित करने के उपरान्त, केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित मानदंडों के आधार पर पहचाने गए छोटे या सीमांत किसानों की भूमि पर कार्य किये जा सकते हैं, जो कि ऐसी शर्तों के अधीन होंगे, जैसा कि केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित किया जाए, जिसके लिए यह आवश्यक है कि ऐसे परिवारों के पास एक वैध जॉब कार्ड हो, जिसमें कम से कम एक वयस्क सदस्य का नाम हो, जो उनकी भूमि या बाड़ी पर प्रस्तावित कार्य में काम करने को तैयार हो।

अध्याय – बारह
कार्यस्थल प्रबंधन और सुरक्षा

33. **कार्यस्थल पर सुविधाएँ.–** (1) कार्यस्थल पर पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निम्नलिखित प्रावधान किए जाएंगे–

(एक) कार्यारंभ बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें कार्य से संबंधित विभिन्न प्रावधानों की जानकारी श्रमिकों को दी जाएगी;

(दो) स्वीकृति कार्यादेश की एक प्रति कार्यस्थल पर सार्वजनिक निरीक्षण हेतु उपलब्ध रहेगी;

(तीन) प्रत्येक कार्य का मापन, अभिलेख तथा श्रमिकों का विवरण सार्वजनिक निरीक्षण हेतु उपलब्ध रहेगा;

(चार) प्रत्येक कार्यस्थल पर नागरिक सूचना पटल स्थापित किया जाएगा;

(पाँच) उसे केंद्र सरकार द्वारा निर्दिष्ट रीति से नियमित रूप से अद्यतन किया जाएगा; तथा

(छः) केंद्र सरकार के निर्देशों के अनुसार गठित सतर्कता एवं निगरानी समिति सभी कार्यों का निरीक्षण कर सकेगी तथा उसकी मूल्यांकन रिपोर्ट, केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में कार्य पंजी में अभिलिखित की जाएगी और सामाजिक अंकेक्षण के दौरान ग्राम सभा के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी।

(2) कार्यस्थल पर सुरक्षित पेयजल, बच्चों एवं विश्राम अवधि हेतु छाया की व्यवस्था, मामूली चोटों तथा कार्य से संबंधित अन्य स्वास्थ्य जोखिमों के आपात उपचार हेतु पर्याप्त सामग्री सहित प्राथमिक उपचार पेटी उपलब्ध कराई जाएगी।

(3) यदि किसी कार्यस्थल पर कार्यरत महिलाओं के साथ पाँच वर्ष से कम आयु के पाँच या अधिक बच्चे उपस्थित हों, तो उन बच्चों की देखभाल हेतु ऐसी महिला श्रमिकों में से एक को नियुक्त किया जाएगा। इस प्रकार नियुक्त महिला को मजदूरी दर के अनुसार भुगतान किया जाएगा।

34. **सुरक्षा एवं दुर्घटनाएँ.–** (1) यदि योजना के अंतर्गत नियोजित किसी व्यक्ति को उसके रोजगार के दौरान एवं रोजगार से उत्पन्न किसी दुर्घटना के कारण व्यक्तिगत चोट पहुँचती है, तो उसे आवश्यक चिकित्सीय उपचार निःशुल्क प्रदान किया जाएगा।

(2) जहाँ घायल श्रमिक को अस्पताल में भर्ती करना आवश्यक हो, वहाँ राज्य सरकार द्वारा आवास, उपचार, औषधियाँ तथा दैनिक भत्ते सहित अस्पताल में भर्ती की व्यवस्था की जाएगी, और यह दैनिक भत्ता, मजदूरी दर के आधे से कम नहीं होगा।

(3) यदि योजना के अंतर्गत नियोजित कोई व्यक्ति, रोजगार के दौरान एवं रोजगार से उत्पन्न दुर्घटना के कारण मृत्यु को प्राप्त होता है अथवा स्थायी रूप से दिव्यांग हो जाता है, तो उसे अथवा उसके विधिक उत्तराधिकारियों को, यथास्थिति, कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत देय पात्रता अथवा केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित प्रावधानों के अनुसार अनुग्रह राशि का भुगतान किया जाएगा।

(4) यदि योजना के अंतर्गत नियोजित किसी व्यक्ति के साथ आने वाले बच्चे को दुर्घटना के कारण व्यक्तिगत चोट पहुँचती है, तो ऐसे बच्चे को निःशुल्क चिकित्सीय उपचार प्रदान किया जाएगा तथा उक्त दुर्घटना के कारण बच्चे की मृत्यु अथवा दिव्यांगता की स्थिति में, राज्य सरकार द्वारा यथा निर्धारित अनुग्रह राशि का भुगतान उसके विधिक अभिभावक को किया जाएगा।

अध्याय – तेरह
चरम कृषि मौसमों के दौरान कार्यों के निष्पादन पर प्रतिबंध

35. **चरम कृषि मौसमों की अधिसूचना.–** राज्य सरकार प्रत्येक वित्तीय वर्ष के प्रारंभ से पूर्व, बुवाई एवं कटाई के चरम कृषि मौसमों को आच्छादित करने वाली, वित्तीय वर्ष में कुल साठ दिवस की अवधि अथवा अवधियों को अधिसूचित करेगी, जिनके दौरान योजना के अंतर्गत कोई भी कार्य नहीं किया जाएगा।

36. **क्षेत्र–विशिष्ट अधिसूचनाएँ.–** (1) राज्य सरकार, राज्य के विभिन्न क्षेत्रों, जिनमें जिला, जनपद अथवा ग्राम पंचायतें सम्मिलित हैं, के लिए पृथक अधिसूचनाएँ निम्नलिखित को ध्यान में रखते हुए जारी कर सकेगी–

(क) कृषि–जलवायु क्षेत्र;

(ख) कृषि गतिविधियों के स्थानीय स्वरूप; तथा

(ग) ऐसे अन्य प्रासंगिक कारक, जिन्हें आवश्यक समझा जाए।

(2) इस प्रावधान के अंतर्गत जारी प्रत्येक अधिसूचना, अधिनियम एवं योजना के प्रयोजनों के लिए बाध्यकारी प्रभाव रखेगी।

